# क्रियाओं में बचाव का आकाशद्वीप


http: //www.aiche.org/ccps/safetybeacon.htm

## कार्य में लिप्त व्यक्तियों के लिए एक संदेश

CCPS के समर्थकों द्वारा प्रायोजित

जून 2005

### अनावश्यक चालू/बन्द स्विच



PSID के सदस्य मुफ्त खोज के लिए देंखे:– Agitator

### क्या हुआ?

सायंकालीन शिफ्ट में एक एजिटेटर मिक्सिंग Vessel को साफ करने का निश्चय किया गया। सुपरवाईज़र ने मुख्य ऑपरेटर से सभी संबंधित प्वाईट्स पूर्ण रूप से 'लॉक आउट' करने को कहा। मुख्य ऑपरेटर ने मोटर कंट्रोल सेन्टर में मोटर स्टार्टर को 'टैग' और 'लॉक ऑउट' किया, बटन दबाकर मोटर न चलना चैक किया और Vessel के पास बटन पर 'खतरा' एवं 'मोटर न चलाए' का संकेत लिख दिया। तत्पश्चात् सुपरवाइज़र ने कन्फाईन कार्यक्षेत्र में काम करने के लिए परमिट दिया। दो कर्मचारी फिर Vessel में प्रवेश कर गये और पूरी शिफ्ट साफ करते रहे। अगली सुबह नई शिफ्ट में परमिट पुर्नजारी करना था। जब ऑपरेटर ने ऑन/ऑफ बटन दबाया तो एजिटेटर चालू हो गया! इसकी मोटर 'लॉक ऑउट' नहीं थी!

### यह कैसे हुआ?

आपकी सोच से भी ज्यादा सरल! क्या 'लॉक ऑउट' स्वय ही खुल गया? नहीं, लेकिन गलत मोटर 'लॉक ऑउट' हो गयी थी। लेकिन यह कैसे हो सकता है जब एक ही एजिटेटर और इसी की मोटर को 'लॉक ऑउट' किया गया था। और एजिटेटर पिछली शाम टेस्ट करने के समय चालू क्यों नहीं हुआ था?

दरअसल कुछ माह पहले एजिटेटर की मोटर बदली गई थी जिसके कारण इसका स्टार्टर और तारें भी बदलनी पड़ी। क्योंकि शायद प्लांट को कभी पुरानी मोटर की आवश्यकता पड़ जाये, यह सोचकर पुरानी मोटर को हटाया नहीं गया। वरन् एक नया स्विच Vessel व पुराने स्विच के पास लगा दिया गया। जब बीती शाम ऑपरेटर ने मशीन टेस्ट की और 'लॉक ऑउट' किया, वह दरअसल यह सब पुरानी मशीन पर कर बैठा। नया सिस्टम् अभी भी चालू ही था।

### आप क्या कर सकते हैं

- सुरक्षा कार्य प्रणाली का पालन करें। शॉर्ट कट न अपनायें और अपना कार्य दूसरे को न सौंपें।
- अपनी यूनिट में बदलाव को ठीक से जानें। किसी भी बदलाव और इसके कारण आपकी कार्य विधि में बदलाव को ठीक से समझें।
- अपनी 'बदलावी प्रबंधन' कार्य प्रणाली का इस्तेमाल करें और निश्चित करें कि सभी सेवा मुक्त उपकरणों की लेबलिंग है ताकि वे सेवा में लाये जा रहे उपकरणों के साथ भ्रम न पैदा करें।
- जहाँ भी शक हो वहाँ बिजली की तार अलग कर लें।
- जाँचे और पुनः जाँचें, खासकर जबकि बात सुरक्षा की हो। आस–पास देखें। क्या कुछ अजीब सा है?
- याद रखें कि आपकी सुरक्षा आपके और दूसरों के कार्य पर निर्भर करती है।
- दूसरों के कहे पर अपनी जान की बाजी न लगायें। सभी सुरक्षा उपाय स्वयं जाँचें।

***सुरक्षा जाँच करते समय यह सुनिश्चित करें कि यह सही उपकरण पर की जा रही है।***

AIChE© 2005, सभी अधिकार सुरक्षित। पुनः ब्रिक्री निषेध है। अव्यवसायिक व शिक्षा कारणों के लिए पुनः जारी करें। लिखें या बात करें: ccps_beacon@aiche.org ; 212-591-7319